टॉक शो: स्टार्टअप एक्सलरेशन प्रोग्राम शुरू

जयपुर | अब डॉक्टर और इंजीनियर के स्थान पर स्टार्ट अप फाउंडर रोल मॉडल बन रहे हैं। समय बदल रहा है, दिल की सुनिए और आगे बढ़ जाइए, कही पूरी जिंदगी रिग्रेट ना करना पड़े। राजस्थान सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं प्लीवर्स की ओर से आई स्टार्ट स्कूल एंड रूरल एक्सलरेशन प्रोग्राम के अंतर्गत तीन दिवसीय स्टार्टअप एक्सलरेशन प्रोग्राम के अंतर्गत पहले दिन आयोजित टॉक शो में शॉर्क टैंक इंडिया की इन्वेस्टर नमिता थापड ने ये बात कही। उन्होंने पब्लिक के साथ इंटरेक्ट किया एवं स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। इस दौरान प्रदेशभर से चयनित 15 स्टार्टअप की प्रस्तुति दी गई एवं थापड़ की ओर से उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में सरकार के प्रतिनिधि, विभिन्न स्कूलों के प्रिंसीपल, स्टार्टअप आंत्रप्रेन्योर्स एवं इन्वेस्टर्स शामिल हुए। स्टार्टअप एक्सपर्ट एवं कार्यक्रम संयोजक प्लीवर्स के परेश गुप्ता व तुषार सैनी ने कार्यक्रम को होस्ट किया एवम स्टार्टअप से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर सवाल-जवाब किए।

Dainik Bhaskar Pg 7.
26/8/23